बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

आवश्यक सूचना

66वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रारम्भिक परीक्षा रविवार, दिनांक– 27.12.2020 को एकल बैठक (12:00 मध्याह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक) में बिहार राज्य के 35 जिलों में अवस्थित 888 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।

उक्त परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र (Admit Card) आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध कराये जायेंगे जिसकी सूचना समाचार पत्रों/आयोग के वेबसाइट के माध्यम से शीघ्र दी जायेगी। **प्रवेश पत्र (Admit Card)** डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे।

उक्त परीक्षा हेतु प्रकाशित विज्ञापन में निर्धारित कट–ऑफ–डेट दिनांक – 01.08.2020 के अनुसार कम उम्र एवं अधिक उम्र के होने के कारण कुल 782 अभ्यर्थियों को अनर्हित किया गया है। अनर्हित अभ्यर्थियों की सूची आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित है। अनर्हित अभ्यर्थी दिनांक–16.12.2020 के संध्या 05:00 बजे तक साक्ष्य के साथ आपत्ति आवेदन आयोग के Email-Id: bpscpat-bih@nic.in पर भेज सकते हैं।

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना